# डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)
## Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya (UP)

पत्रांक : लो०अ०वि०/एन०ई०पी०–2020/2025/मेमो दिनांक : 22.12.2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
डा० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध
राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 पद्धति लागू
समस्त राजकीय/अनुदानित/संघटक/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।

विषय :राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वन के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा चिन्हित 18 **Actionable Points** के संबंध में गूगल फार्म (Google Form) पूरित किए जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–864/सत्तर–3–2023 दिनांक 28 मार्च, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वन से संबंधित विषयक प्रमुख सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक दिनांक 27.02.2023 के कार्यवृत्त के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय अपने से सम्बद्ध महाविद्यालयों से सही एवं पुष्टिकृत सूचनायें **गूगल फार्म (Google Form)** के माध्यम से प्राप्त कर सूचनाओं को प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ०प्र० एवं राज्य उच्च शिक्षा परिषद को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करना है।

प्रत्येक संघटक एवं संबद्ध महाविद्यालयों में गूगल फार्म पर 18 Actionable Points की सूचना उपलब्ध कराने के लिए एक नोडल अधिकारी महाविद्यालय द्वारा नामित किया जाना उचित रहेगा। यही नामित नोडल अधिकारी Digital/Online शिक्षा के नोडल अधिकारी का भी दायित्व निर्वहन सुनिश्चित करे, तो आपके लिए सुविधाजनक होगा। समस्त महाविद्यालयों को अपने से संबंधित नामित नोडल अधिकारी के पूर्ण विवरण यथा (महाविद्यालय का कोड, नाम, प्रकृति, नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0) गूगल लिंक **https://forms.gle/YgAfJMmWgS7Ry8hQ7** पर उपलब्ध गूगल फार्म **(Google Form)** के माध्यम से सही एवं पुष्टिकृत सूचनाओं को पूरित करना होगा।

आप द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं के आधार पर प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को विश्वविद्यालय की समीक्षा, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 करेंगे। अतः उपरोक्त के कम में माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार आपसे अनुरोध है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) से आच्छादित समस्त राजकीय/संघटक/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय प्रत्येक माह की 25 तारीख तक गूगल लिंक **https://forms.gle/mjAKwNVd6rsycHCn8** पर उपलब्ध **गूगल फार्म (Google Form)** के माध्यम से सही एवं पुष्टिकृत सूचनायें पूरित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

<u>नोट</u> :जिन महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में उपरोक्त विषयक गूगल फार्म (Google Form) भरा/पूरित किया जा चुका है, उन महाविद्यालयों को भी पुनः उपरोक्त दोनों **गूगल फार्म (Google Form)** को पूरित करना होगा।

भवदीय

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. संयोजक, NEP-2020.
2. नोडल अधिकारी, 18 Actionable Points.
3. प्रोग्रामर को इस आशय के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की लागिन आईडी पर पत्र को अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव, कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ.
5. पत्रावली।

कुलसचिव